Roll No. .... Total Pages : 04

GSQ/M-20 1676

हिन्दी (ऐच्छिक)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) एक लड़के ने कहा कि हम अपने मन से उन लोगों के साथ नहीं खेलते पर जब वह लोग हमें खेलने के लिए कहते हैं तो हम क्या करें ? लेकिन जबरे का न्याय दीनों और दुर्बलों का पक्षपाती नहीं होता ।

(ख) 'श्रीराम तेरी मोहिनी से भी कई गुना अधिक सुन्दर और मोहक हैं । काया का सौन्दर्य मोहक होता अवश्य है परन्तु वह सुन्दरता मन ही की होती है, जो काया की सुन्दरता पर अपने आप को मढ़कर उसे असंख्य गुना अधिक सुन्दर बना देती है ।'..........क्या किसी स्त्री से प्रेम किए बिना राम को पाया जा सकता है ।

(ग) जनम के साथी केश गए, नयन ज्योति भी क्षीण हो गई, किन्तु राम-राम रटने वाले संत के हृदय से टोडर के परिवार के प्रति ममत्व भावना लोप न हो सकी । टोडर की अनुपस्थिति में वे उनकी देखभाल करने में सदा सजग रहे । रामू के प्रति भी उनका ममत्व दिनोंदिन बढ़ता ही गया ।

(घ) ''नहीं पिताजी मेरा मन कहता है कि कुछ दिनों मुझे यहाँ से टल जाना चाहिए । राम जी के घर में ईर्ष्या-द्वेष आदि की आँधियाँ उठाना उचित नहीं है । शंकर जी विषवादी हैं। वहाँ कवियों और पण्डितों की आवाज बड़ा होने के कारण कदाचित मुझे ऐसी निम्न कोटि के ईर्ष्या-द्वेष का सामना न करना पड़े । मैं कल भोर हरे ही काशी चला जाऊँगा ।

6+6

2. तुलसीदास का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'मानस का हंस' की भाषा-शैली स्पष्ट कीजिए । 7

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का **200-200** शब्दों में उत्तर दीजिए : 3+3

(क) 'मानस का हंस' में चित्रित राजनीतिक वातावरण का वर्णन कीजिए ।

(ख) रत्नावली का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ग) मेघा भक्त का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) 'मानस का हंस' में पुरावृत्त के निर्वाह का वर्णन कीजिए।

खण्ड 'ख'

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6

(क) दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है । केवल उतना ही याद रखती है, जितने से आपका स्वार्थ सधता है । बाकी को फैंककर आगे बढ़ जाती है । शायद अशोक से उसका स्वार्थ नहीं सधा। क्यों उसे यह याद रखती ? सारा संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है ।

(ख) हम अपने आप में खुद हिमालय हैं, ऐसे हिम के आलय, जो पिघलती नहीं, बस जमीं रहती है या और जमती चली जाती है, जिससे कुछ निकलता नहीं, जिसमें चीजें यथावत् पड़ी रह जाती हैं; जैविक व्यापार जहाँ आकर समाप्त हो जाता है ।

(ग) साहब ने कुटिल मुस्कान के साथ कहा, ''मगर वजन चाहिए। आप समझे नहीं । जैसे आपकी यह सुन्दर वीणा है, उसका भी वजन भोलाराम की दरख्वास्त पर रखा जा सकता है । मेरी लड़की गाना-बजाना सीखती है । यह मैं उसे दे दूँगा । साधु-संतों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते हैं ।''

(घ) खिड़की के सामने पुराना, चिर-परिचित देवदार का वृक्ष था, जिसकी नंगी शाखाओं पर रूई के मोटे-मोटे गोलों-सी बर्फ चिपक गई थी । लगता था, जैसे वह सांता-क्लॉज हो, एक रात में ही जिसके बाल सन-से सफेद हो गए हैं ।

5. 'घीसा' संस्मरण के आधार पर घीसा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

मोहन राकेश का साहित्यिक परिचय दीजिए । 7

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के **200-200** शब्दों में उत्तर दीजिए : 3+3

(क) अशोक वृक्ष के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(ख) पिताजी के ईश्वरीय विश्वास पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(ग) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।

(घ) महादेवी वर्मा की भाषा-शैली स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड 'ग'

7. काव्य-हेतु से क्या तात्पर्य है ? विभिन्न काव्य-हेतुओं पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

गीतिकाव्य का स्वरूप बताकर उसके लक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5+5**

(क) खण्डकाव्य के लक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'करुण' रस की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए ।

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए ।

(घ) चौपाई छन्द का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए ।

9. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10×1**

(क) अमृतलाल नागर का जन्म कब हुआ ?

(ख) तुलसीदास के गुरु का क्या नाम था ?

(ग) तुलसीदास की पत्नी का नाम लिखिए ।

(घ) 'मानस का हंस' उपन्यास किस दिन पूरा हुआ ?

(ङ) हजारीप्रसाद द्विवेदी के बचपन का नाम क्या था ?

(च) 'अस्ति की पुकार हिमालय' किस प्रकार का निबन्ध है ?

(छ) मोहन राकेश के नाटकों के नाम लिखिए ।

(ज) भोलाराम का जीव कहाँ छिपा हुआ था ?

(झ) दोहा छन्द के सम-विषम चरणों में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(ञ) संचारी भावों की संख्या कितनी होती है ?